शुक्रवार
17 अप्रैल 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 83
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# जन शिकायत की पड़ताल करने मौके पर पहुंचे सीएम

## ❑वीडियो कॉल के जरिए अधिकारियों को दिखाई स्थिति





हमारे प्रतिनिधि

देहरादून। सीएम हेल्पलाइन पर आई शिकायत को फाइलों में हल करने के बजाय, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को खुद मौके पर जाकर जन समस्याओं की पड़ताल की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए, अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

देहरादून के जाखन निवासी विवेक मदान ने, राजपुर रोड पर विद्युत लाइन अंडरग्राउंड किए जाने के कारण फुटपाथ को हुए नुकसान की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। मदान ने शिकायत में उल्लेख किया था कि जाखन में पहले सड़क किनारे फुटपाथ बनाया गया, बाद में यूपीसीएल ने इस फुटपाथ को खोदकर, अंडरग्राउंड लाइन बिछा डाली। लेकिन इस दौरान मिट्टी का भरान ठीक से नहीं किया गया, जिस कारण फुटपाथ की टाइल्स बैठ गई हैं। इससे फुटपाथ का पूरा लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करनी थी, लेकिन सीएम ने समीक्षा बैठक से पहले शिकायत की पड़ताल करने सीधे जाखन का रुख किया।

मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता विवेक मदान को साथ लेकर अपने मोबाइल से ही अधिकारियों को वीडियो कॉल के जरिए फुटपाथ की स्थिति दिखाई। मुख्यमंत्री ने स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड होने के बावजूद कई जगह बिजली लाइन ऊपर दिखाई दे रही है। जिस कारण जन सामान्य को खतरा पैदा हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी प्लानिंग के साथ काम करें, वरना बार बार कार्य होने से एक और पब्लिक को परेशानी का सामना करता है, वहीं धन की भी बर्बादी होती है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वे प्रदेश भर के आगामी दौरों पर इसी तरह नियमित निरीक्षण करेंगे। उन्होंने मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन को निर्देश दिए कि प्रदेश में यदि कहीं और भी इस तरह की शिकायत आ रही है तो उन्हें दूर किया जाए, इसके लिए प्रदेश भर में अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री इस दौरान स्थानीय दुकानदारों और निवासियों से भी बातचीत की।

# यमुना में गिरा ट्रक, चालक घायल परिचालक लापता

हमारे संवाददाता

देहरादून। सड़क हादसे में देर रात एक ट्रक के यमुना नदी में गिर जाने से जहां चालक गम्भीर रूप से घायल हुआ है। वहीं परिचालक लापता बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ ने घटना स्थल का निरीक्षण कर रेस्क्यू अभियान चलाया और चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया वहीं परिचालक की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार कैम्पटी क्षेत्र में विकासनगर से जखोल त्यूणी जा रहा एक ट्रक जमुना पुल से मसूरी बैड के बीच अनियंत्रित होकर यमुना नदी में जा गिरा। इस हादसे में चालक को रेस्क्यू कर लिया गया है, जबकि परिचालक अभी लापता है। जिसकी तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम यमुना में सर्च



अभियान चला रहा है। बताया जा रहा है कि गुरूवार की अर्धरात्रि को 1 बजे यह हादसा हुआ है। उक्त ट्रक विकासनगर से सरकारी गल्ले की दुकान का राशन लेकर जखोल त्यूणी गोदाम में छोड़ने जा रहा है। लेकिन इस बीच ट्रक यमुना पुल और मसरी बैंड के बीच अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में गिर गया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना कैम्पटी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। जहां घायल ट्रक चालक को रेस्क्यू कर लिया गया है। जिसे उपचार के लिए नैनबाग के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक की पहचान उदय सिंह (27) पुत्र गगन सिंह निवासी त्यूणी, उत्तरकाशी के रूप में हुई है। जबकि परिचालक संदीप अभी भी लापता है। जिसकी तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम यमुना नदी में सर्च अभियान चला रहा है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# संसद में सरकार की हार

आपदा में भी अवसर तलाश लेने में माहिर मानी जाने वाली भाजपा और उसके नेताओं ने शायद इस बात पर कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि उनकी यह रणनीति संसद में उन्हें ऐसे गंभीर संकट में भी ला सकती है कि वह अपनी पहली चाल में ही हार जाए। नये अभिनंदन बिल (महिला आरक्षण) की आड़ में सरकार जिस तरह से परिसीमन बिल को भी ससद से पास कराने की फिराक में थी। उसका भंडा या उसके पीछे सरकार की क्या मंशा थी चर्चा शुरू होने से पहले ही फूट गया। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण बिल के साथ जिन दो अन्य बिलों को भी कल संसद में पेश किया गया उसे पर चर्चा के लिए कराए गए मत विभाजन से सरकार के पक्ष में 251 मत पड़े जबकि विपक्ष ने एकता दिखाई और उसके पक्ष में 185 मत पड़े। जिसमें सरकार दो तिहाई के आंकड़े से पांच मत पीछे रह गई। अब चर्चा के बाद इन बिलों पर कल अंतिम फैसला मतदान से होना है। लेकिन इस शुरुआती झटके से भाजपा की सरकार और नेता इतने असहज हो चुके हैं कि उन्हें अपनी हार का सुनिश्चित अंदाजा लग चुका है। संसद में आज प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष को यह कहकर धमकाया कि अगर उन्होंने इस बिल पर यानी नारी वंदन बिल पर विरोध का रोडा अटकाया तो उन्हें तैयार रहना चाहिए देश की आधी आबादी यानी की महिलाएं 20 29 के चुनाव में उनका क्या हाल करेगी? हास्यापद बात यह है कि कांग्रेस सहित कोई विपक्षी दल इस इस नारी अभिनंदन बिल का विरोध नहीं कर रहा है ना ही इससे पहले कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। राहुल गांधी ने इस बिल के पेश होने से पहले ही एक वीडियो जारी कर यह साफ कर दिया था कि इस बिल के साथ परिसीमन बिल को क्यों जोड़ा जा रहा है उनका कहना है कि सरकार परिसीमन बिल का आधार 2011 की जनगणना को क्यों बना रही है जबकि 2026 में जातिगत जनगणना कराई जा रही है उनका आरोप है कि वह महिलाओं तथा एससी एसटी की महिलाओं के साथ धोखा करना चाहती है जो हम नहीं होने देंगे। विपक्ष का कहना है कि सरकार 2026 की जनगणना के आधार पर महिलाओं को आरक्षण दे। 2011 की जनगणना में यह स्थिति स्पष्ट नहीं है कि किस राज्य में किस वर्ग की कितनी महिलाएं हैं देश में जब जातिगत जनगणना हो रही है तो फिर आरक्षण उसी हिसाब से हो। सरकार द्वारा परिसीमन बिल लाकर लोकसभा की सीटों को 543 से 850 किए जाने की कोशिश है तो फिर यह काम नए परिसीमन के अनुसार ही किया जाना चाहिए राहुल गांधी का कहना है कि महिला आरक्षण के भीतर भी आरक्षण की व्यवस्था कर सरकार महिलाओं का हक मारने की कोशिश कर रही है। आपदा में अवसर की जहां तक बात है उसके मद्देनजर खास बात यह है कि जहां एक तरफ लोग ईरान इजरायल के कारण समस्याओं से जूझ रहे हैं वहीं दूसरी ओर दो बड़े राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में होने के कारण सभी दलों के नेता व्यस्त हैं। सरकार की मनशक्ति थी कि नारी अभिनंदन बिल की आड़ में सरकार परिसीमन बिल को भी आसानी से पास करा लेगी तथा 2029 में भी अपनी जीत का भी पुख्ता तौर पर इंतजाम कर सकेगी लेकिन उचित समय तलाशने के बावजूद भी विपक्ष को सरकार की मंशा और नीयत का पता चल गया। सरकार के पास भले ही इस समय 392 सांसदों का समर्थन है लेकिन दो तिहाई बहुमत के लिए उसे 60 विपक्षी सांसदों का समर्थन भी चाहिए जो वर्तमान हालात में मुश्किल ही नहीं नामुमकिन दिख रहा है।

# पीयूष गौड बने सर्व समाज महासंघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष

संवाददाता

देहरादून। सर्व समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम कुमार वालिया ने पीयूष गौड को सर्व समाज महासंघ का वरिष्ठ उपाध्यक्ष व हरिद्वार प्रभारी नियुक्त किया।



आज यहां उत्तराखंड के वरिष्ठ आंदोलनकारी वरिष्ठ समाजसेवी पीयूष गौड़ को उत्तराखंड सर्व समाज महासंघ का प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा जनपद हरिद्वार का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम कुमार वालिया ने उनके द्वारा सामाजिक कार्य सर्व समाज के प्रति उनकी समर्पित भावना एवं उत्तराखंड के आंदोलन में उनकी सक्रिय भागीदारी के आधार पर की गई है। यह नियुक्ति अवैतनिक होगी तथा आज से 16 अप्रैल 2028 तक मान्य होगी।

# राजनैतिक दलों का मिशन 'कुनबा'



- प्रदेश में 2027 में होने हैं विधानसभा के चुनाव
- भाजपा-कांग्रेस में कुनबा बढ़ाने की जंग है जारी
- दलों में इस राजनीति से कई बार उपजा असंतोष

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चुनावी साल में राजनैतिक दल अपनी रणनीति के साथ अपने 'कुनबे' को बढ़ाने में लग गए है। प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस में 'कुनबा' बढ़ाने को लेकर कई बार अंतरकलह का भी सामना करना पड़ता है। अकेले प्रदेश में विगत दिनों कांग्रेस में उपजे असंतोष भी कुनबा बढ़ाने की लड़ाई का ही परिणाम था। यही नहीं भाजपा में भी इसको लेकर 'द्वंद' सामने आया था। इसके बाद भी प्रमुख दलों की रणनीति दूसरे दलों के लोगों को अपने दल में शामिल करने की जारी है।

बता दें कि प्रदेश में 2027 में विध ानसभा चुनाव होने हैं और चुनाव की घोषणा से पहले भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दल अपनी पार्टी को बड़ा करने की दिशा में कार्य कर रहे है। मतदाताओं को अपने पक्ष में माहौल है को प्रदर्शित करने के लिए दल इस रणनीति पर कार्य कर रहे हैं। हालांकि इससे दलों में बिखराव और अंतरकलह के साथ कई अन्य परेशानियों से जूझना पड़ता है। इसके बाद भी सभी दल चुनाव से पूर्व अपने पक्ष में माहौल बनाना चाहते हैं। दलों की यह राजनीति चुनाव के समय उनके काम आयेगी या नहीं यह तो चुनाव के समय ही पता चलेगा, लेकिन दल अभी से इसी बहाने माहौल तैयार कर रहे हैं।

अकेले भाजपा की बात करें तो भाजपा में सब ठीक है यह तो संभव नहीं है, लेकिन भाजपा अपने कुनबे को बढ़ाने में लगी है। वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है और भाजपा से जुड़ने वालों की लाइन लंबी है। खासकर सूबे में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा से जुड़ना चाहते है। यह हमारा नहीं भाजपा का है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रतिदिन ज्वॉनिंग कार्यक्रम और भाजपा की विज्ञप्ति इस बात की पुष्टि करती है। भाजपा से जुडेष्ने वालों को सरकार से उम्मीद है कि उनका भाजपा में आने से भला होगा। वही विध ानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा कुनबे को बड़ा करना चाहती है ताकी विधानसभा चुनाव के समय जमीन पर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए मतदाताओं को रिझा सके।

दूसरी ओर कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए सभी जुगत लगा रही है। कांग्रेस के रणनीतिकार जहां भाजपा के बडेष् नेताओं को दल में शामिल करवा रही है। वहीं सत्ता में वापसी की 'चाहत' में शायद 'लालच' देकर भाजपा के बडेष् नेताओं को दल में जगह दे रही है। इस बात की पुष्टि विगत दिनों कांग्रेस के बडेष् नेताओं में उपजे असंतोष ने कर दी है। कांग्रेस के एक बडेष् नेता अपने चहेते को दल में शामिल करवाना चाहते थे, लेकिन हाईकमान से इसकी छूट नहीं मिली तो वह तिलमिला गए और राजनैतिक अवकाश पर चले गए। कांग्रेस में यह घटनाक्रम कोई नया नहीं है। इससे पहले के भी कई उदाहरण हैं जब कांग्रेस में आपसी फूट पड़ी है।

## एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे डेढ लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

नानकगढ ओरंगजेबपुर बिहारीगढ निवासी भावना काम्बोज ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी एम्स के कर्मचारी शालू मसीह से हुई थी। शालू ने उसको कहा कि वह उसकी एम्स में नौकरी लगवा देगा। जिसके बदले में उसने उससे डेढ लाख रूपये लिये। लेकिन न तो उसकी नौकरी लगी और न ही उसके रूपये वापस किये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## केदार टूर एंड ट्रैवल्स ने की दून में शुरुआत, यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाए

हमारे संवाददाता

देहरादून। शहर में पर्यटन और यात्रा सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री केदार टूर एंड ट्रैवल्स ने अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। कंपनी का कार्यालय आईटी पार्क, देहरादून में स्थित है।

कंपनी के संचालक एन. चौधरी ने बताया कि यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा सेवाएं उपलब्ध कराना उनका मुख्य उद्देश्य है। इसके तहत देहरादून एयरपोर्ट टैक्सी, मसूरी टूर, दिल्ली आउटस्टेशन, हरिद्वार गंगा ट्रिप और चारधाम यात्रा पैकेज जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन की बढ़ती मांग को देखते हुए आधुनिक




और आरामदायक वाहनों की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके। कंपनी का लक्ष्य स्थानीय और बाहरी पर्यटकों को भरोसेमंद सेवा देना है, ताकि वे अपनी यात्रा को सुरक्षित और यादगार बना सकें। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा।

# पोषण पखवाडा सप्ताह के अन्तर्गत गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। पोषण पखवाडा सप्ताह के अंतर्गत परशुराम मंदिर में अन्नप्राशन एवं गोदभाई कार्यक्रम का आयोजन किया।

आज यहां नारी शक्ति वंदना अधिनियम के लोकसभा में पेश करने के उपलक्ष्य में कैंट विधायक सविता कपूर द्वारा बाल विकास परियोजना, पोषण पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत परशुराम मंदिर, प्रकाश नगर में अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महिलाओं को सम्मानित करते हुए महालक्ष्मी किट का वितरण भी किया गया तथा पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक 2023) महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जो देश का 106वां संविधान संशोधन है। कार्यक्रम में क्षेत्र की सुपरवाइजर श्रीमती गुड्डी रावत तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री मीना वर्मा, ममता शर्मा, अंजु धीमान, अंजली वर्मा, ज्योति सेमवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला मंगल दल की पहल रंग लाई, जड़धार में नशामुक्त हुई तीन शादियां

नई टिहरी(आरएनएस)। ग्राम पंचायत जड़धार गांव में महिला मंगल दल की शराबबंदी की मुहिम धीरे-धीरे रंग लाने लगी है। जड़धार गांव में बीते रोज तीन शादियां कॉकटेल मुक्त संपन्न हुई। ग्राम पंचायत और महिला मंगल दल की ओर से तीनों परिवारों को सम्मानित किया गया। 5 अप्रैल को ग्राम पंचायत की बैठक में शादी-विवाह और अन्य सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराबबंदी करने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए ग्राम समाज सुधार समिति का गठन किया गया था। बीते रोज गांव में मनदीप, सलोनी और सुभाष का विवाह समारोह हुआ। तीनों ही शादियां कॉकटेल मुक्त संपन्न हुई। शराब का बहिष्कार करते हुए पारंपरिक पकवान और भोज मेहमानों को परोसा गया। महिला मंगल दल की अध्यक्ष ममता देवी ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सही सोच के कारण ही नशा मुक्त समाज अभियान आगे बढ़ रहा है। प्रथम चरण में जो तीन शादियां संपन्न हुई हैं, उसमें मेहमानों को शराब नहीं परोसी गई और पारंपरिक पकवान व भोज से उनका स्वागत किया गया। आगे और भी कई शादियां गांव में होनी है, वह भी कॉकटेल मुक्त ही संपन्न होगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान रेखा जड़धारी, सचिव पूनम थापा, बुद्दी देवी, चमनी देवी, विनीता देवी, रेखा देवी, अनु देवी, अनिता देवी आदि मौजूद रही।

# यात्रा से पूर्व बीकेटीसी करेगी अपनी परिसंपत्तियों का रखरखाव

चमोली(आरएनएस)। बीकेटीसी के उपाध्यक्ष और अधिशासी अभियंता ने श्रीबदरीश कीर्ति संस्कृत महाविद्यालय डिम्मर और अपर बाजार कर्णप्रयाग के यात्री विश्राम गृह का औचक निरीक्षण किया। ईई ने कहा कि चारधाम यात्रा से पूर्व समिति अपनी परिसंपत्तियों का उचित रखरखाव करेगी। बीकेटीसी के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती और अधिशासी अभियंता विपिन तिवारी बुधवार को श्रीबदरीश कीर्ति संस्कृत महाविद्यालय डिम्मर पहुंचे। उन्होंने बताया कि संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समिति की ओर से संचालित सभी संस्कृत महाविद्यालयों की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए बेहतर कार्य योजनाएं बनाई जा रही हैं। इस दौरान श्री बदरीश कीर्ति संस्कृत महाविद्यालय डिम्मर के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उन्हें ज्ञापन दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक छात्रावास निर्माण करने, वेद, योग, व्याकरण, कर्मकांड विषय के अध्यापकों की तैनाती करने, छात्रों के लिए भोजन कक्ष और अतिथि कक्ष का निर्माण करने, छात्र-छात्राओं के लिए शौचालयों का निर्माण कार्य करने की मांग की। वहीं नगर पालिका कर्णप्रयाग की सभासद हेमा डिमरी, अपर बाजार व्यापार संघ के अध्यक्ष अनिल खंडूड़ी ने दिए ज्ञापन में बीकेटीसी के विश्राम गृह के मरम्मत की मांग की। इस मौके पर श्री बदरीश कीर्ति संस्कृत महाविद्यालय डिम्मर के प्राचार्य डॉ. माता राम पुरोहित, सचिन पुरोहित, हिमांशु जोशी और वेद प्रकाश आदि मौजूद थे।

# आंखों की बीमारी को गंभीरता से लें छात्र- डॉ सिंह

रुड़की(आरएनएस)। चंद्रशेखर पब्लिक स्कूल में शैक्षिक गतिविधियों की श्रृंखला में बुधवार को एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में छात्रों को आंखों की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। व्याख्यान में कक्षा 11 और 12 के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय में आयोजित व्याख्यान में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जोगराज सिंह मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों से बताया कि आंख हमारे शरीर का अभिन्य अंग है। विद्यार्थियों को नेत्र स्वास्थ्य, आंखों की देखभाल, नेत्र रोगों की जानकारी और चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न संभावनाओं से अवगत कराना है। कहा कि छात्रों को आंखों की छोटी से छोटी दिक्कत को भी गंभीरता से लेना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक चंद्रा, प्रधानाचार्या पूनम चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# सात लोगों को मिला राज्य आंदोलनकारी का दर्जा

नई टिहरी(आरएनएस)। राज्य आंदोलनकारियों की जिलास्तरीय चयन समिति बैठक में सात लोगों को राज्य आंदोलनकारी का दर्जा मिला। बैठक में कुल 21 प्रकरण प्रस्तुत किए गए लेकिन 14 प्रकरण विभिन्न कारणों से निरस्त किए गए। डीएम नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में 21 प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए। समिति ने सात प्रकरणों को पदाधिकारी की पुष्टि, प्रशासन, एलआईयू के अभिलेखों के आधार पर निर्णय लेते हुए संबंधित को राज्य आंदोलनकारी सूची में सम्मिलित करने की स्वीकृति दी है जिनमें नैनबाग के कसोन गांव के सुरेंद्र सिंह, ढालवाला की कौशल्या देवी, स्व. वाचस्पति कुड़ियाल, सिरसेड कीर्तिगनर के विचित्र सिंह, नई टिहरी की लक्ष्मी डंगवाल और एकता डंगवाल, नैलचामी घनसाली के हुकम सिंह कंडारी शामिल हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण की गहनता, पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ समीक्षा सुनिश्चित करें।

# जाखधार-घनसाली, अखोड़ी-मूलगढ़ सड़क पर गड्ढों से मिलेगी मुक्ति

उत्तरकाशी(आरएनएस)। लंबे इंतजार के बाद जाखधार-घनसाली, अखोड़ी-हुलानाखाल-मूलगढ़ मोटर मार्ग की सेहत सुधरने की उम्मीद जगी है।

उक्त दोनों सड़कों पर मरम्मत कार्य के लिए 1.43 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। लोनिवि टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर मई से सड़कों पर मरम्मत और डामरीकरण कार्य शुरू करेगा। दोनों सड़कों पर डामरीकरण की स्वीकृति मिलने से स्थानीय लोग उत्साहित है। भिलंगना ब्लॉक के जाखधार-घनसाली सड़क किमी एक से 18 तक खस्ताहाल बनी हुई है। मरम्मत के अभाव में जगह-जगह गड्ढे बने हुए है। हालांकि बीते अक्तूबर माह में लोनिवि ने पैचवर्क कार्य भी किया था, लेकिन कुछ स्थानों पैचवर्क भी उखड़ गया है। अखोड़ी-हुलानाखाल-मूलगढ़ सड़क किमी 40 से 43 के बीच सबसे खराब स्थिति बनी हुई है। आपदा के दौरान जगह-जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क मार्ग पर गड्ढों की भरमार है।

जीर्णशीर्ण सड़क मार्ग पर लोगों को जोखिमभरा सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा था। धूल मिट्टी उड़ने से सफर के दौरान लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या से राहत पाने के लिए स्थानीय लोग लंबे समय से सड़क मरम्मत करने की मांग करते आ रहे थे। काफी लंबे इंतजार के बाद जाखधार-घनसाली मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए 75 लाख और अखोड़ी-हुलानाखाल-मूलगढ़ सड़क मार्ग पर डामरीकरण कार्य के लिए लगभग 68 लाख की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि सड़क पर मरम्मत कार्य होने के बाद उन्हें सुगम सफर करने की सुविधा मिलेगी। दिनेश चंद्र नौटियाल, ईई लोनिवि घनसाली ने कहा कि जाखधार-घनसाली, अखोड़ी-हुलानाखाल-मूलगढ़ मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। निर्माण कार्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगामी मई-जून माह में कार्य शुरू किया जाएगा।

# आर्मी स्कूल को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार मिला

पिथौरागढ़(आरएनएस)। जनरल बीसी जोशी आर्मी पब्लिक स्कूल को वर्ष 2025-26 के लिए प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

एडुकनेक्ट नाम की सर्च प्लेटफॉर्म ने विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता व अभिभावकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के आधार पर सम्मान दिया है।

सम्मान मिलने पर प्रधानाचार्य विनोद भामा सहित अन्य आला अधिकारियों ने खुशी व्यक्त की है।

# चारधाम यात्रा रूट की बदहाली पर बिफरे डीएम

ऋषिकेश(आरएनएस)। चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान बुधवार को हरिद्वार बाईपास मार्ग की बदहाली को लेकर डीएम सविन बंसल बिफर गए। उन्होंने जल निगम के अफसरों को मार्ग पर सीवर लाइन से संबंधित कार्यों को तत्काल रोकने और लोनिवि को सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए।

श्यामपुर क्षेत्र में भी नेशनल हाईवे की मरम्मत के लिए एनएच पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया है। बुधवार को डीएम सविन बंसल ने ऋषिकेश में चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। चारधाम ट्रांजिट केंद्र में यात्रियों के पंजीकरण के लिए काउंटर की संख्या को जाना। काउंटर के बाहर यात्रियों की कतारों में उनके बैठने के लिए स्टूल और कुर्सी का इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केंद्र परिसर में यात्रियों के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने यात्रियों को कतारों के साथ ही अस्थायी विश्राम स्थल पर पानी पिलाने के लिए जल संस्थान को कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए। ट्रांजिट केंद्र में नियमित सफाई और फॉगिंग करने के लिएनगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल को निर्देशित किया।

# कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

अल्मोड़ा (आरएनएस)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था, राजस्व वसूली तथा विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परिवहन विभाग, नियमित पुलिस, राजस्व पुलिस, वन विभाग और राजस्व विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए विभागीय प्रगति, लंबित मामलों और राजस्व न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों पर चर्चा की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए आपराधिक गतिविधियों, विशेषकर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी रखने और किसी भी आपराधिक घटना पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज़ किए गए वाहनों के समयबद्ध निस्तारण तथा प्रवर्तन कार्यों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। राजस्व प्राप्ति और कर संग्रह की समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने और राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री कोष से आर्थिक सहायता से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र, नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात, उपजिलाधिकारी संजय कुमार सहित सभी तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एएमआर प्रथाओं पर निशुल्क राष्ट्रीय ई-कोर्स शुरू

ऋषिकेश(आरएनएस)। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के बढ़ते वैश्विक खतरे से निपटने के लिए एम्स ऋषिकेश ने नई पहल की है। संस्थान ने स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता के लिए एकीकृत एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप (एएमआर) प्रथाओं पर निःशुल्क फाउंडेशन राष्ट्रीय ई-कोर्स शुरू किया है। बुधवार को एम्स ऋषिकेश में इस ई-कोर्स का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने किया। उन्होंने एमडीआर, एक्सडीआर और पीडीआर जैसे रोगजनकों के बढ़ते बोझ से निपटने के लिए समन्वित और साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एएमआर भारत सहित वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि केवल एंटीमाइक्रोबियल दवाओं पर प्रतिबंध पर्याप्त नहीं है, बल्कि चिकित्सकों, सूक्ष्मजीवविज्ञानी, औषधविज्ञानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच समन्वय से उपचार को बेहतर बनाना होगा। उन्होंने बताया कि यह पाठ्यक्रम एम्स ऋषिकेश और एसएएसपीआइ के सहयोग से विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप की क्षमता को मजबूत करना है। यह ई-कोर्स स्वास्थ्य पेशेवरों और आम जनता के लिए तैयार किया गया है, जिसमें ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल पर भी जोर दिया गया है। कोर्स में तर्कसंगत एंटीमाइक्रोबियल प्रिस्क्राइबिंग, डायग्नोस्टिक स्टीवर्डशिप, सही सैंपलिंग, संक्रमण की रोकथाम व नियंत्रण, अस्पताल की एंटीमाइक्रोबियल नीतियों का निर्माण व क्रियान्वयन, ऑडिट और फीडबैक तंत्र, दवाओं के उपयोग का मूल्यांकन और सामुदायिक स्तर पर स्टीवर्डशिप जैसे विषय शामिल हैं। कार्यक्रम में 24 संरचित मॉड्यूल शामिल हैं, जो डायग्नोस्टिक-इन्फेक्शन-एंटीमाइक्रोबियल (डीआईए) मॉडल पर आधारित हैं। मेडिसिन विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. प्रसन कुमार पांडा ने बताया कि कोर्स पूरा करने पर प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री सहित डॉ. पी.के. पांडा, डॉ. भूपिंदर, डॉ. अमित कुमार, डॉ. महेंद्र, डॉ. अंबर, डॉ. वान्या, डॉ. मनीष, डॉ. बलराम, डॉ. माथुरिया, आकांक्षा और सुश्री विनीता आदि मौजूद रहे।



# रोजाना टोफू का सेवन स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद!

टोफू को सोया पनीर भी कहा जाता है और इसे बनाने के लिए सोयाबीन दूध का इस्तेमाल किया जाता है।यह पनीर की तरह दिखता है, लेकिन इसका स्वाद अलग होता है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर वीगन डाइट को फॉलो करने वाले लोग करते हैं।यह पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है, इसलिए इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।आइये आज हेल्थ टिप्स में टोफू के सेवन से होने वाले 5 लाभ जानते हैं।

मधुमेह से बचाव के लिए है सहायक

मधुमेह की समस्या से बचने के लिए टोफू लाभकारी हो सकता है।एक अध्ययन के मुताबिक, मधुमेह से पीड़ित जिन रोगियों ने 6 हफ्ते तक टोफू खाया है, उनमें ब्लड शुगर और इंसुलिन का स्तर उन लोगों की तुलना में काफी कम हुआ है, जो इसका सेवन नहीं करते हैं।इसके अलावा एक अन्य अध्ययन में बताया गया है कि जो लोग नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, उन्हें टाइप-2 मधुमेह होने की आशंका कम होती है।

हृदय रोगों के खतरे को कम करने में है मददगार

टोफू का सेवन हृदय रोग के खतरे को भी कम कर सकता है।एक अध्ययन के मुताबिक, जिन पुरुष और महिलाओं ने हफ्ते में एक बार टोफू का सेवन किया है, उनमें हृदय रोग का खतरा उन लोगों से कम पाया गया है, जिन्होंने सिर्फ महीने में एक बार इसका सेवन किया है।इसमें मौजूद आइसोफ्लेवोंस हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद करता है, इसलिए इसका सेवन रोजाना करें।

कैंसर के जोखिम से बचाए

टोफू का नियमित सेवन कैंसर से बचाव करने में भी सहायक हो सकता है।इसमें आइसोफ्लेवोंस और सोया प्रोटीन मौजूद होते हैं, जो ब्रेस्ट कैंसर, ओवेरियन कैंसर, पेट के कैंसर आदि के जोखिम को कम कर सकते हैं।हालांकि, यह सिर्फ कैंसर के जोखिम से बचा सकता है, लेकिन अगर किसी को कैंसर है तो उसे डॉक्टर से इलाज करवाना जरूरी है।कैंसर रोगियों को अपनी डाइट में ये फल भी शामिल करना चाहिए।

वजन घटाने के लिए है कारगर

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो टोफू आपके लिए पोषण और वजन कम करने का एक बढ़िया स्रोत हो सकता है।दरअसल, इसमें फाइबर होता है, जो लंबे समय तक आपका पेट भरा रखता है और अनहेल्दी स्नैकिंग या अधिक खाने से रोकता है।इसके अलावा यह कम कैलोरी, उच्च प्रोटीन और कोलेस्ट्रॉल मुक्त होता है, जो आपको सही आकार में रहने में मदद करता है।बिना एक्सरसाइज के वजन घटाने के लिए इन तरीकों को अपनाएं।

हड्डियों के लिए है फायदेमंद

मजबूत हड्डियों के लिए कैल्शियम एक जरूरी पोषक तत्व है।हमारा शरीर करीब 99 प्रतिशत तक कैल्शियम को स्टोर करके रखता है ताकि हड्डियों और दांतों को मजबूती मिल सके।इसके लिए आप अपनी डाइट में कैल्शियम से भरपूर टोफू को शामिल कर सकते हैं।जो लोग दूध या मांसाहारी आहार का सेवन नहीं करते हैं, उन्हें इस पोषक तत्व की आपूर्ति के लिए टोफू को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए ब्रोकली होती है फायदेमंद





महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए ब्रोकली बहुत फायदेमंद होती है इसलिए महिलाओं के संतुलित आहार में ब्रोकली को शामिल करने की सलाह दी जाती है लेकिन क्या आप जानती हैं कि प्रेगनेंसी में ब्रोकली खानी चाहिए या नहीं?

जानिए कि गर्भावस्था में ब्रोकली खाने के फायदे और नुकसान क्या हैं और इससे प्रेगनेंट महिला एवं गर्भस्थ शिशु पर क्या प्रभाव पड़ता है?

प्रेगनेंसी में ब्रोकली खा सकते हैं या नहीं

गर्भावस्था में ब्रोकली खाना बिल्कुल सुरक्षित रहता है और आपको ब्रोकली के सेवन को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा ब्रोकली कई तरह के विटामिन और खनिज पदार्थ होते हैं जो मां ही नहीं शिशु के लिए भी फायदेमंद होते हैं। ये भ्रूण के विकास में मदद करते हैं और उसे किसी विकार से बचाए रखते हैं।

ब्रोकली खाने का लाभ

प्रेगनेंसी में आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया का खतरा ज्यादा रहता है। गर्भावस्था में आयरन की जरूरत ज्यादा होती है और प्राकृतिक स्रोतों से इसकी पूर्ति करना बेहतर रहता है। ब्रोकली में आयरन और फोलिक एसिड प्रचुरता में पाया जाता है। अपने आहार में ब्रोकली को शामिल कर आप रोजाना की आयरन की पूर्ति कर सकती हैं।

प्रेगनेंसी में कब्ज का इलाज

प्रेगनेंट महिलाओं को कब्ज की शिकायत रहती है। हार्मोनल बदलावों, आयरन के सप्लीमेंट लेने और अन्य शारीरिक बदलाव कब्ज का कारण बन सकते हैं। ब्रोकली में उच्च मात्रा में फाइबर होता है जो प्रेगनेंसी में कब्ज से बचाता है। ब्रोकली से कब्ज से राहत मिलती है और पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

जेस्टेशनल डायबिटीज

प्रेगनेंट महिलाओं को नौ महीने के दौरान डायबिटीज का खतरा रहता है। प्रेगनेंसी में डायबिटीज होने को जेस्टेशनल डायबिटीज कहा जाता है। शरीर में होने वाले बदलावों में से एक इंसुलिन का उत्पादन कम होना भी शामिल है।

शुगर को तोड़ने के लिए इंसुलिन जरूरी होता है। इस स्थिति में ब्रोकली आपको डायबिटीज से बचाने में मदद कर सकती है। ब्रोकली शुगर को सामान्य स्तर पर रखती है जिससे जेस्टेशनल डायबिटीज का जोखिम कम होता है।

इम्यूनिटी बढ़ती है

गर्भावस्था के दौरान इम्यून सिस्टम मजबूत हो तो संक्रमणों का खतरा नहीं रहता है। ब्रोकली में बीटा-कैरोटीन होता है जो इम्यूनिटी को मजबूत करता है। इसके अलावा ब्रोकली में कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस और जिंक होता है जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। इस सब्जी में मौजूद विटामिन ए, ई, बी और के होता है इसलिए प्रेगनेंसी डायट में ब्रोकली लेने से त्वचा स्वस्थ रहती है।

आंखों की रोशनी तेज होती है

ब्रोकली में फाइटोकेमिकल होते हैं जो कैंसर-रोधी गुण रखते हैं जो कैंसर कोशिकाओं को बनने से रोकने में मदद करते हैं। ब्रोकली न सिर्फ प्रेगनेंसी बल्कि डिलीवरी के बाद भी आपको कैंसर से बचाती है। बीटा-कैरोटीन और विटामिन ए आंखों की रोशनी बढ़ाते हैं। ब्रोकली इन दोनों चीजों से प्रचुर है। रोज ब्रोकली खाने से आंखों से संबंधित परेशानियां कम हो सकती हैं।

कितनी मात्रा में ब्रोकली खानी चाहिए

प्रेगनेंट महिलाओं को दिन में दो से तीन कप ब्रोकली खानी चाहिए। ब्रोकली में सोडियम, पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेट, डायट्री फाइबर, शुगर, प्रोटीन, विटामिन ए, विटामिन सी और कैल्शियम जैसे अनेक पोषक तत्व होते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -003


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 02 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |





# देव डी की सिनेमाघरों में वापसी, अनुराग कश्यप बोले- ये मेरे गुस्से और विद्रोह की उपज

अनुराग कश्यप की बेहतरीन फिल्मों में शुमार देव डी एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौट रही है। इस री-रिलीज के मौके पर निर्देशक अनुराग ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादें ताजा की हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने स्वीकार किया कि देव डी महज एक कहानी नहीं, बल्कि उस दौर में उनके भीतर चल रहे गुस्से और सिस्टम के खिलाफ विद्रोह का नतीजा थी। आइए जानें फिल्म दोबारा किस दिन सिनेमाघरों का रुख करेगी।

गैंग्स ऑफ वासेपुर (2012) से पहले देव डी (2009) ही वो फिल्म थी, जिसने अनुराग को बॉलीवुड में एक ताकतवर फिल्ममेकर के रूप में स्थापित किया था। एक कल्ट क्लासिक का दर्जा प्राप्त कर चुकी ये फिल्म अपनी रिलीज के 17 साल बाद अब 24 अप्रैल को दोबारा सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। अभय देओल, कल्कि कोचलिन और माही गिल अभिनीत ये फिल्म केवल कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी।

अनुराग ने बताया, जब मैंने देव डी बनाई तो ये मेरे भीतर के विद्रोह से उपजी थी। वो देवदास के पुराने रूमानी संस्करण को तोड़ना चाहते थे। उनका उद्देश्य देवदास की स्त्री-द्वेषी सोच को चुनौती देना था। उन्होंने पारो और चंदा के किरदारों को मौजूदा दौर के हिसाब से गढ़ा, जहां पारो के पास अपनी इच्छा और गुस्सा है, और चंदा त्याग की मूर्ति नहीं, बल्कि खुद को फिर से गढ़ने वाली एक मजबूत महिला है।

अनुराग ने बताया कि वो एक ऐसी कहानी को, जो दुखद रोमांस में डूबी थी, आज के अराजक भारत की वास्तविकता में लाना चाहते थे। फिल्म के अंत को लेकर उन्होंने कहा कि वो इसे कोई सुखंद अंत नहीं देना चाहते थे, बल्कि दर्शकों को असहज करना चाहते थे, ताकि वे माफी और जवाबदेही के बारे में सोचें। अनुराग के अनुसार, अंत में देव कोई बहुत अच्छा इंसान नहीं बनता, बस उसे जीवन की नाजुकता का एहसास होता है। फिल्म की री-रिलीज पर अनुराग उत्सुक हैं कि नई पीढ़ी फिल्म और इसके संगीत पर कैसी प्रतिक्रिया देती है। देव डी शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के प्रसिद्ध बंगाली उपन्यास देवदास का आधुनिक रूपांतरण था। इस फिल्म में अभय देओल ने देव, माही गिल ने पारो और कल्कि ने चंदा का किरदार निभाया। कल्कि ने इसी फिल्म से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिल्म के गाने इमोशनल अत्याचार में बैंड गायक के रूप में मनोरंजक कैमियो किया था।

# टच बडी गाने पर बोलीं जोनिता गांधी, कलाकार के रूप में एक नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला

प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी पवन सिंह के साथ गाए गए नए गाने टच बडी' को लेकर उत्साहित हैं। डकैत अ लव स्टोरी के गाने के बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। जोनिता का मानना है कि इस गाने के जरिए एक कलाकार के तौर पर एक नए पहलू को एक्सप्लोर करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि यह गाना उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था, जिसने उन्हें खास तौर पर आकर्षित किया। जोनिता गांधी इस समय अपनी कलात्मक यात्रा के एक नए दौर में हैं। वे अब सिर्फ आवाज देने तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि स्क्रीन पर भी पूरी तरह छा जाना चाहती हैं। टच बडी' में उन्होंने न सिर्फ गाया है, बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ डांस परफॉर्मेंस भी किया है। जोनिता ने कहा, यह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था। मुझे डांस करना बहुत पसंद है, इसलिए इस गाने की ओर मैं खिंची चली गई। मैंने इसे एक किरदार निभाने के रूप में अपनाया। यह मेरी अपनी असलियत का विस्तार नहीं था, बल्कि एक कलाकार के रूप में मुझे एक नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला। उन्होंने आगे कहा, एक कलाकार के तौर पर मैं खुद के और भी कई पहलुओं को एक्सप्लोर कर रही हूं। अभी और भी बहुत कुछ आने वाला है। मैंने तो अभी बस शुरुआत की है। अपना प्यार और साथ बनाए रखिएगा।

गाने में जोनिता एक स्टाइलिश, चंचल और आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका ग्रूव', एटीट्यूड और सहजता इस ट्रैक का मुख्य आकर्षण है। गाने का तेलुगु वर्जन भी रिलीज हो चुका है, जिसमें उनके साथ राम मिरियाला नजर आ रहे हैं। दोनों भाषाओं के कलाकारों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिल रहा है। टच बडी' गाना फिल्म डकैत-अ लव स्टोरी' का गाना है।

फिल्म में आदिवि शेष, अनुराग कश्यप और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। यह एक बाइलिंगुअल प्रोजेक्ट है, जिसे हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में शूट किया गया है। कहानी दो पुराने प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दोबारा मिलकर कई चोरियां करते हैं।

# अक्षय कुमार से इंस्पायर हुईं वामिका गब्बी, हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला' में एक्शन सीन खुद किए

फिल्म भूत बंगला' को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी। हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। जानिए, ऐसा क्या कर रही हैं वामिका गब्बी।

सूत्रों के अनुसार फिल्म भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया।

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि वामिका को इस सीन के लिए अक्षय पर पूरा भरोसा था। उन्होंने बिना किसी एक्स्ट्रा सपोर्ट के सीन किया।'

पिछले दिनों फिल्म भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्यमयी जीव है जो सबको डराता है।



# सनी लियोनी चलीं हॉलीवुड, नई अमेरिकी सीरीज द जाइंट में निभाएंगी ये धाकड़ किरदार



हॉलीवुड के गलियारों में भी अब सनी लियोनी का जलवा देखने को मिलेगा। अभिनेत्री ने अपनी आगामी अमेरिकी सीरीज द जाइंट में मुख्य भूमिका निभाने की पुष्टि की है, जिसके लिए वो बेहद उत्साहित हैं। एक शेरिफ के चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आने वालीं सनी के लिए ये प्रोजेक्ट उनके अब तक के करियर का सबसे बड़ा और अलग पड़ाव माना जा रहा है, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।

कैनेडी के बाद हाल ही में अपने डीजे करियर की शुरुआत करने के बाद सनी अब एक और बड़े प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं। वो जल्द ही केविन बी प्लॉट द्वारा निर्मित और लिखित अमेरिकी टीवी सीरीज द जाइंट में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस सीरीज की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसमें सनी शेरिफ क्राना डियरलीफ की चुनोतीपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ये किरदार सनी के अभिनय सफर में एक और नया और अलग अध्याय जोडने वाला है।

सनी ने कहा, ये मेरे अब तक के कामों से काफी अलग है और यही बात मुझे इसके लिए उत्साहित करती है। एक नए किरदार को तलाशना और बिल्कुल नई दुनिया में कदम रखना हमेशा एक रोमांचक अनुभव होता है। मैं इस सफर के लिए बहुत उत्सुक हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हूं। उम्मीद है कि मेरे प्रशंसक इसे देखने का उतना ही आनंद लेंगे, जितना मैं इसका हिस्सा बनकर ले रही हूं।

ये सीरीज अपनी विविध कास्ट के लिए भी चर्चा में है। इसमें लैटिन अमेरिकी, अफ्रीकी अमेरिकी और एशियाई मूल के कई प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं। सनी का इस सीरीज में जुड़ना इसकी विविधता को और भी बढ़ाता है, जो इसे वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बनाता है। हॉलीवुड की इस मुख्यधारा की सीरीज में शेरिफ की वर्दी पहनकर वो प्रशंसकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हैं।

भारतीय सिनेमा में कदम रखने के बाद बेबी डॉल जैसे सुपरहिट गानों ने सनी को घर-घर में पहचान दिलाई, लेकिन उन्होंने ग्लैमरस भूमिकाओं तक खुद को सीमित नहीं रखा। फिल्म कैनेडी में अपनी गंभीर अदाकारी से सनी ने समीक्षकों को प्रभावित किया और अपनी अभिनय क्षमता को साबित किया। अब डीजे-इंग में अपनी नई पारी शुरू करने के बाद वो हॉलीवुड की सीरीज द जाइंट के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी छलांग लगाने को तैयार हैं।

# क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों को जिला योजना में करें शामिल: डीएम

हल्द्वानी(आरएनएस)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बुधवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जिले की वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित जिला योजना की तैयारी को अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित योजना में क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों को शामिल किया जाए। जन प्रतिनिधियों की राय अवश्य ली जाए।डीएम ने कहा कि योजना में जो भी प्रस्ताव तैयार किए जाएं वह ऐसे हों जिनसे सीधे आम जनता को फायदा पहुंचे और धनराशि का सदुपयोग हो। स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए उद्यान, कृषि मत्स्य, दुग्ध विकास, पशुपालन आदि विभागों और आजीविका से संबंधित कार्यों को प्रस्ताव में शामिल करने को कहा।

उन्होंने कहा कि डप्टेलिंग पर विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से क्लस्टर अप्रोच को बढ़ावा दिया जा सके। ऐसे अवसरों को सृजन करने की जरूरत है जिससे भूमिहीन छोटे किसानों, ग्रामीण उद्यमियों आदि को लाभ मिल सके। सीडीओ अरविंद कुमार पांडे, एसपी जगदीश चंद्र, डीडीओ गोपाल गिरी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी मुकेश नेगी मौजूद रहे।

# पानी नहीं मिलने पर पनचक्की चौराहे में किया अभियंता का घेराव

हल्द्वानी(आरएनएस)। पेयजल संकट से जूझ रहे वार्ड 36 जवाहर ज्योति प्रथम के लोगों ने पनचक्की चौराहे पर अभियंताओं का घेराव कर दिया। आरोप है कि कई माह से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत के बावजूद विभाग समाधान नहीं कर रहा है।

पनचक्की चौराहे से सटी कॉलोनियों में पिछले कई महीनों से लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में पहुंचे कनिष्ठ अभियंता सोहन सिंह को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। लोगों ने उनका घेराव कर कहा कि विभाग में लगातार शिकायत दर्ज कराई जा रही है, लेकिन समाधान तो दूर, अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। इससे लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। बताया गया कि गर्मी बढ़ने के साथ पानी का संकट और गहरा हो रहा है, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। चेतावनी दी गई कि जल्द पेयजल आपूर्ति नहीं सुधरी तो विभाग में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। मौके पर पहुंचे सहायक अभियंता चंदन देवराड़ी ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों ने घेराव समाप्त किया। यहां पार्षद तनुजा जोशी, जया देवी, गंगा देवी, सुमन, तारा, सुषमा, पुष्पा देवी, हेमा, चंपा, लता, गुलाबराम, सुभाष, गिरीश चंद्र, कमलेश, गौरव और दर्शन मौजूद रहे।

## सू- दोकू क्र.003

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.02का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# कोल्ड स्टोरेज नहीं होने से किसानों को हो रहा नुकसान

विकासनगर(आरएनएस)। जौनसार बावर क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा नहीं होने से स्थानीय किसानों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ती है। जिसके चलते उनकी फसलें या खराब होती हैं या फिर उन्हें अपनी फसलें कम कीमतों में बाजार में बेचना पड़ता है।

किसानों की ओर से कई बार कोल्ड स्टोर स्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया। बरसात में अक्सर क्षेत्र की अधिकांश सड़कें बंद होने के कारण फसलें घर में ही खराब हो जाती हैं। किसान महावीर रावत, महाबल नेगी, नरेश रावत, सरदार सिंह, बहादुर सिंह, शूरवीर सिंह आदि का कहना है कि जनजाति क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा नहीं है, जबकि जौनसार बावर की आर्थिकी का मुख्य स्रोत कृषि है। यहां बड़ी संख्या में किसान हैं, जो अपनी नगदी फसलों को बेचने साहिया, विकासनगर, देहरादून, सहारनपुर आदि मंडियों में जाते है। किसानों का कहना था कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आलू, अरबी, अदरक, गोभी, शिमला मिर्च, मटर, टमाटर के साथ ही सेब, आड़ू, खुमानी, नाशपती सहित कई नगदी और अन्य पारंपरिक फसलों का उत्पादन होता है।

किसानों ने चिंता जताई कि बरसात के दौरान सड़कें बंद हो जाने से उनकी फसल समय से मंडी नहीं पहुंचती है। बंद मार्गों के चलते कई बार फसलें घर या फिर खेत में बर्बाद हो जाती हैं। इसके साथ ही कई बार किसानों को अपनी फसलें बहुत ही कम कीमत पर बेचनी पड़ती है। चिंता जताई कि कोल्ड स्टोरेज की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान होता है।

उनका कहना है कि यदि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा मुहैया होगी तो किसान अपनी फसल सुरक्षित रखकर दाम बढ़ने पर फसल बेचकर अधिक मुनाफा कमा सकेंगे। किसानों का कहना है कि पिछले कई सालों में सरकार से कोल्ड स्टोरेज की मांग की गई है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं गया है।

उधर, एसडीएम प्रेम लाल ने बताया कि किसानों की समस्या को उचित माध्यम तक पहुंचाया जाएगा।

## यात्रा सीजन के लिए रामलीला मैदान अस्थायी पार्किंग के लिए तैयार

उत्तरकाशी(आरएनएस)। चारधाम यात्रा सीजन के दौरान उत्तरकाशी नगर क्षेत्र में यात्री और वाहनों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर एक बार फिर रामलीला मैदान को अस्थाई पार्किंग स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है। हर वर्ष की भांति इस बार भी पार्किंग की कमी को दूर करने के लिए रामलीला मैदान प्रशासन के काम आएगा। पालिका की ओर से पार्किंग संचालन के लिए विधिवत टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई है। चारधाम यात्रा सीजन में उत्तरकाशी में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री अपने निजी और व्यावसायिक वाहनों के साथ पहुंचते हैं, जिससे शहर के भीतर यातायात दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में रामलीला मैदान को अस्थायी पार्किंग के रूप में उपयोग में लाया जाता है जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति नियंत्रण में रहती है। नगरपालिका पिछले कुछ वर्षों से इस पार्किंग का संचालन स्वयं करती आ रही है और इस बार भी पालिका ने इसकी जिम्मेदारी अपने स्तर पर लेने का निर्णय लिया है। पार्किंग संचालन के लिए विधिवत टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई है। अधिशासी अधिकारी शालिनी चित्राण ने बताया कि पार्किंग संचालन के लिए आमंत्रित किए गए टेंडर बृहस्पतिवार को खोले जाएंगे। इसके बाद चयनित एजेंसी को संचालन का जिम्मा सौंपा जाएगा, जिससे यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# 'चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ करें शालीन व्यवहार'

हरिद्वार(आरएनएस)। आगामी चारधाम यात्रा सीजन को सुरक्षित, सुचारु और व्यवस्थित बनाने के लिए हरिद्वार पुलिस ने टैक्सी यूनियनों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में यात्रियों की सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, निर्धारित किराया सूची प्रदर्शित करने और वाहनों में फर्स्ट-एड बॉक्स रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि चारधाम यात्रा के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मधुर और शालीन व्यवहार किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार को ट्रैफिक कार्यालय हरिद्वार में पुलिस उपाधीक्षक यातायात विपेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें हरिद्वार क्षेत्र की सभी टैक्सी यूनियनों के प्रतिनिधि, वाहन स्वामी और चालक शामिल हुए। सभी वाहन स्वामी अपने वाहनों में निर्धारित किराया सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, ताकि यात्रियों से किसी प्रकार की अनियमित वसूली न हो। साथ ही फर्स्ट-एड बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। यात्रा सीजन के दौरान यात्री सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

# पेंशन भुगतान न होने पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने दिया धरना

अल्मोड़ा(आरएनएस)। लोक निर्माण विभाग के कार्य प्रभारित नियमित अधिष्ठान के सेवानिवृत्त पेंशनर्स ने पेंशन भुगतान न होने के विरोध में चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में धरना दिया। पेंशनर्स का कहना है कि उन्हें जनवरी 2026 से पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे आर्थिक दिक्कतें बढ़ गई हैं। धरना स्थल पर पेंशनर्स वेलफेयर संगठन के महासचिव चन्द्र मणी भट्ट, उपाध्यक्ष पी एस बोरा और कोषाध्यक्ष गिरीश चन्द्र जोशी ने शीघ्र पेंशन भुगतान की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भुगतान न होने के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। धरना दे रहे पेंशनर्स को अधीक्षण अभियंता प्रथम वृत्त हरीश कुमार ने वार्ता के लिए बुलाया और शीघ्र कार्रवाई करते हुए पेंशन भुगतान का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना स्थगित कर दिया गया। पेंशनर्स ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर पेंशन का भुगतान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन धरना और अनशन के लिए बाध्य होंगे। धरना स्थल पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी रवि रौतेला ने समर्थन दिया और इस संबंध में जिलाधिकारी से भी वार्ता की गई। इस दौरान मोहन सिंह विरोडिया, बसन्त बल्लभ पंत, नन्दन सिंह, प्रयाग दत्त जोशी, जीवन चन्द्र डालाकोटी, प्रेम सिंह रावत, कलावती, अमर सिंह, गुलाब राम, हरी सिंह, नन्दी देवी, जगत राम, जीवन सिंह, पूरन सिंह, बालम सिंह सहित अन्य पेंशनर्स मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक पाल ने आंगनबाड़ी के कम मानदेय पर उठाए सवाल

रुद्रपुर(आरएनएस)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के चल रहे कार्य बहिष्कार के समर्थन में पूर्व विधायक नारायण पाल धरनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं विधायक रह चुके हैं और उन्हें एक लाख रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती है, जबकि आंगनबाड़ी पशुगणना से जनगणना तक 27 विभागों का कार्य संभालने के बावजूद मात्र 9300 रुपये प्रतिमाह मानदेय पा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानवीय शोषण है। हर माह 100 रुपये कटौती के बाद रिटायरमेंट पर मात्र 35 हजार रुपये फंड के रूप में मिलते हैं, जिससे जीवन यापन संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा मानदेय बढ़ाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं हुआ।

पूर्व विधायक ने आश्वासन दिया कि मानदेय वृद्धि समेत 12 सूत्रीय मांगों को लेकर वह आंदोलन में उनके साथ खड़े हैं। जिलाध्यक्ष चन्द्रावती के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चार अप्रैल से 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर धरना दे रही हैं। उनका कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।पूर्व विधायक का जन्मदिन मनायासितारगंज। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक नारायण पाल का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर नारायण पाल, उनकी पत्नी कामिनी पाल और पुत्र निर्भय पाल व अभय पाल ने समर्थकों के साथ गोशाला में मवेशियों को हरा चारा खिलाया। उप जिला चिकित्सालय में मरीजों व तीमारदारों को फल वितरित किए गए। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, पूरन चौहान, रणजीत राणा, पवन दीक्षित, दीपक बिष्ट, महेश भट्ट और संदीप सिंह मौजूद रहे।



# आईजी एलओ ने एसएसपी टिहरी के साथ किया गया चारधाम यात्रा रूट का निरीक्षण

संवाददाता

टिहरी। आईजी एलओ सुनील कुमार मीणा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता चौबे ने चारधाम यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

आज यहां चारधाम यात्रा-2026 को सुरक्षित, सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक (लॉ एंड ऑर्डर) सुनील कुमार मीणा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल श्रीमती श्वेता चौबे के साथ चारधाम यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान यात्रा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का गहनता से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान आईजी द्वारा प्रमुख पड़ावों, पुलिस चौकियों, पंजीकरण केन्द्रों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष रूप से भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बद्रीनाथ रूट पर निरीक्षण के दौरान भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। आईजी ने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करते हुए यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने दी जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। मुनि की रेती क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पुलिसिंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने तैनात पुलिस कार्मिकों को उच्च मानकों के अनुरूप कार्य करने, यात्रियों के साथ सौम्य एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने तथा आपदा प्रबंधन के प्रति पूर्ण रूप से तैयार रहने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यातायात, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं पर समन्वय स्थापित करते हुए व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। आईजी ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की आस्था एवं प्रतिष्ठा से जुड़ी है, अतः सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करें।

### -केशव थलवाल प्रकरण में हाईकोर्ट सख्त-

# मानसिक जांच कराने और विवादित पोस्ट न करने के लिए दिये निर्देश

हमारे संवाददाता

नैनीताल। बहुचर्चित केशव थलवाल मामले में नैनीताल हाई कोर्ट की एकल पीठ ने महत्वपूर्ण और कड़े निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की ओर से दिए गए आदेशों ने पूरे प्रशासनिक और पुलिस तंत्र में हलचल पैदा कर दी है लंबे समय से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे लोगों के लिए यह फैसला बेहद आम माना जा रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष जांच और न्याय व्यवस्था की गरिमा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने सबसे पहले केशव थलवाल का मानसिक परीक्षण कराने के आदेश दिए हैं ताकि पूरे मामले की वस्तु स्थिति को बेहतर ढंग से समझा जा सके। इसके अलावा जिस पुलिस चौकी में केशव थलवाल के साथ अमानवीय व्यवहार के आरोप लगे थे वहां की सीसी टीवी फुटेज को सुरक्षित रखते हुए उसकी गहन जांच के निर्देश दिए गए हैं।

कोर्ट ने साफ कहा है कि किसी भी प्रकार की सच्चाई अब दबाई नहीं जानी चाहिए और हर पहलू को पारदर्शिता के साथ सामने लाया जाए सोशल मीडिया को लेकर भी अदालत ने सख्त रूख अपनाया है कोर्ट ने केशव थलवाल को निर्देशित किया है कि वह किसी भी प्रकार के भ्रामक या विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट न करें। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस तरह की गतिविधिया न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है सबसे अहम राहत के तौर पर कोर्ट ने इस मामले में केशव थलवाल की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है। यानी जब तक आगे कोई नया आदेश नहीं आता तब तक पुलिस उन्हे गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। इस निर्णय को केशव के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है कुल मिलाकर हाईकोर्ट के इन चार प्रमुख आदेशों ने मामले को नया मोड़ दे दिया है अब सबकी नजरें अगली सुनवाई और जांच की प्रगति पर निर्भर है।

# राज्यपाल ने 'शिक्षा पर एआई के प्रभाव' संवाद कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

हमारे संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने आज राजपुर रोड स्थित एक होटल में शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित "शिक्षा पर एआई के प्रभाव" संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।




इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज के समय की एक वास्तविकता है, जो शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों को तेजी से प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि एआई को केवल तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाले एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उन्नत तकनीकों का युग है, जिन्हें अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों का समावेश उत्तराखण्ड के छात्रों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। राज्यपाल ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे छात्रों को नई तकनीकों के प्रति जागरूक करें और उन्हें इसके उपयोग के लिए सक्षम बनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड के शिक्षक और छात्र मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात करेंगे।

उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से शिक्षा को अधिक समावेशी बनाया जा सकता है, विशेष रूप से दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने में यह सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, एआई भाषा की बाधाओं को दूर कर स्थानीय भाषाओं में शिक्षा को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है। राज्यपाल ने 'संपर्क फाउंडेशन' के संस्थापक-अध्यक्ष विनीत नायर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि लाखों विद्यार्थियों और हजारों विद्यालयों तक पहुंच बनाकर संस्था ने शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रामन, कुलपति उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय डॉ. तृप्ता ठाकुर, संपर्क फाउंडेशन' के संस्थापक-अध्यक्ष विनीत नायर, चेयरमैन डॉ. के राजेश्वर राव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

देहरादून (सं)। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो भाईयों सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरोटीवाला निवासी राकेश कुमार ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह जूनियर स्कूल के पास से जा रहा था तभी वहां पर रोशन लाल के पुत्र आशु राठौर, निखिल राठौर व गुड्डु का पुत्र अभिषे राठौर वहां पर आ गये और उन्होंने उसके साथा गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब आसपास के लोग वहां पर आये तो वह उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

संवाददाता

देहरादून। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण कर भोजनालय का निरीक्षण कर उच्च कोटी की गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।



आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा पुलिस लाइन देहरादून में परेड की सलामी लेते हुए परेड का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस कर्मियों को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए परेड को महत्वपूर्ण बताते हुए नियमित रूप से पुलिसकर्मियों की परेड करवाने के निर्देश दिए गए। परेड के उपरांत एसएसपी देहरादून द्वारा पुलिस लाइन स्थित आरमरी (शस्त्रागार) के निरीक्षण के दौरान मालखाने मे रखे शस्त्र एंव मालों व सरकारी सम्पत्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को आरमरी (शस्त्रागार) में रखे शस्त्रों की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाने तथा अधीनस्थ नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी हैण्डलिंग का अभ्यास कराने के निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन के स्टोर कार्यालय के निरीक्षण के दौरान एसएसपी द्वारा एन्टीराइड उपकरणों, बुलेटप्रूफ जैकेट सहित अन्य विभिन्न साजो-सामान का भौतिक निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार एन्टी राइड उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये, साथ ही स्टोर में रखे रजिस्टरों का अवलोकन कर अन्य राजकीय सम्पत्तियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। आवासीय परिसर, बैरकों तथा भोजनालय के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था दुरस्त रखने तथा रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये, साथ ही भोजनालय में कर्मचारियों के बनने वाले भोजन की गुणवत्ता उच्च कोटी की रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन में स्थित पुलिस मार्डन स्कूल का निरीक्षण के दौरान उपस्थित अध्यापकों से उनके अध्यापन कार्यो के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए छात्र हितो को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन की परिवहन शाखा के भ्रमण के दौरान एसएसपी द्वारा उपलब्ध वाहनों की साफ-सफाई एवं फिटनेस का जायजा लेते हुए राजकीय वाहनों के रखरखाव/मैंटिनेंश के सम्बंध में आवशयक निर्देश दिए गये। पुलिस लाइन की अन्य शाखाओं के भ्रमण के दौरान एसएसपी द्वारा कार्यालय में रखे अभिलेखों का अवलोकन करते हुए सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात एसएसपी द्वारा अधिकारियो/कर्मचारियो के साथ गोष्ठी कर उनसे उनकी समस्याओं के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनके समयबद्ध निस्तारण के लिये अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## मुख्यमंत्री ने लोनिवि की मास्टर प्लान पुस्तिका का किया विमोचन

# विजन के साथ विकास हमारी प्राथमिकताः धामी




संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई आगामी 05 वर्षों ( 2026 - 2031 ) के कार्यों से संबंधित मास्टर प्लान पुस्तिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी 05 वर्षों के विजन पर आधारित मास्टर प्लान पुस्तिका का विमोचन किया जाना सराहनीय पहल है। यह पुस्तिका राज्य में बुनियादी ढांचे को विकसित करने, सशक्त और सुरक्षित, भविष्य को सुनिश्चित करने का मार्ग है। उन्होंने कहा राज्य में विकास की संभावनाओं एवं विकसित भारत 2047 के संकल्पों को पूरा करने में यह मास्टर प्लान पुस्तिका अहम भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा हमारा संकल्प है कि राज्य को तय लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ाया जाए और विजन के साथ विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड राज्य, पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है, ऐसे में पर्यटकों की आवश्यकताओं को देखते हुए हम विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। राज्य में टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने कहा यह पुस्तिका निश्चित ही राज्य को आगे बढ़ाने का विजन तय करेगी। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि लोक निर्माण विभाग स्पष्ट विजन के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम राज्य में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर निरंतर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद महत्वपूर्ण है, जिसपर निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, प्रमुख अभियंता राजेश चन्द्र शर्मा, मुख्य अभियंता रणजीत रावत, राजेन्द्र सयाना, अधीक्षण अभियंता मनोज बिष्ट, अरूण पाण्डेय, अधिशासी अभियंता बी.एन द्विवेदी, राजेश कुमार, नीरज त्रिपाठी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला अधिकारों की बड़ी बात करने वाले विपक्ष की सदन में खुली पोलः भट्ट

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पीएम मोदी के भाषण को मातृ शक्ति सशक्तिकरण के प्रति एनडीए की गारंटी बताया है। वहीं उन्होंने इस मुद्दे पर सदन में जारी बहस के दौरान विपक्षी रुख को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए, महिला विरोधी मानसिकता से प्रेरित करार दिया।



उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि महिला अधिकारों को लेकर बड़ी-बड़ी बात करने वाले विपक्ष के शीर्ष नेताओं की पोल एक बार फिर सदन के अंदर खुल गई है, जिस तरह के तर्क विपक्षी नेताओं की तरफ से दिए गए, उससे शीशे की तरह साफ हो गया कि वह इस कानून को टालना चाहते हैं। हैरानी है कि वह एक लाइन में इस कानून का महिलाओं की नाराजगी से डर कर समर्थन करते हैं वहीं चार लाइनों में भ्रम और झूठ पर आधारित तरह तरह के विरोधी बयान देते हैं। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि यदि वह महिला आरक्षण कानून के पक्ष में है तो फिर तमाम किंतु-परंतु क्यों लग रहे हैं। यदि उनको लगता है कि भाजपा इसका राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है तो उन्हें इस बिल का समर्थन कर लाभ लेने से किसने रोका है।

विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि जिस कार्य को पूर्ववर्ती सरकारों ने दशकों तक इच्छाशक्ति की कमी के कारण अटकाए रखा। उसे आज भाजपा ने धरातल पर उतारा, बस यही कांग्रेस और तमाम विपक्षी पार्टियों को अखर रहा है। उन्होंने एक बार फिर सभी दलों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सर्वसम्मति से इस बिल का समर्थन करने का आह्वान किया। महिलाओं को मतदाता के साथ देश का भाग्य विधाता बनाने के इस कानून अब कोई नहीं रोक सकता। लिहाजा सामाजिक और राजनैतिक बेहतरी इसमें है कि सब मिलकर देश की आधी आबादी के सशक्तिकरण में पूरा साथ दे।

# सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की अपर जिलाधिकारी ने की समीक्षा

संवाददाता

अल्मोड़ा। अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। आज यहां अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में विभागवार लंबित शिकायतों की स्थिति का एक एक कर परीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकता में है। इसमें प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण प्रशासन की जवाबदेही का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बरती जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई का स्पष्ट विवरण पोर्टल पर दर्ज किया जाए। साथ ही, जिन मामलों में विलंब हो रहा है, उनके कारणों की समीक्षा कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# चारधाम यात्राः यात्रियों के लिए 13 भाषाओं में गाइडलाइन

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट जल्द खुलने वाले है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे श्रद्धालुओं की सुविधा मिल सके। इसी क्रम में चारधाम यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 13 भाषाओं में स्वास्थ्य के प्रति एहतियात बरतने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।



❑यात्रा मार्ग पर 25 विशेषज्ञ डाक्टर, 178 मेडिकल अधिकारी और 414 पैरामेडिकल स्टाफ तैनात

❑47 स्थायी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ 25 मेडिकल रिलीफपोस्ट भी स्थापित की

❑श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 112, 108 और 104 हेल्पलाइन नंबर चौबीसों घंटे सक्रिय रहेंगे

बता दें कि प्रदेश सरकार ने चारधामों के दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व सुगम यात्रा के लिए इंतजाम किए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने चारधाम यात्रा मार्ग पर 25 विशेषज्ञ डाक्टर, 178 मेडिकल अधिकारी और 414 पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किया गया। इसके अलावा रुद्रप्रयाग, चमोली व उत्तरकाशी जिले में 47 स्थायी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ 25 मेडिकल रिलीफ पोस्ट स्थापित किए गए।

देहरादून, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में 57 स्क्रीनिंग कियोस्क श्र(ालुओं की उच्च रक्त चाप, हृदय रोग, डायबिटीज समेत अन्य गंभीर बीमारियों जांच की जाएगी। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 112, 108 और 104 हेल्पलाइन नंबर चौबीसों घंटे सक्रिय रहेंगे। 104 हेल्पलाइन के माध्यम से उच्च जोखिम यात्रियों की लगातार निगरानी भी की जाएगी।

# चारधाम यात्राः मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों ने कराया पहला ऑफलाइन पंजीकरण

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए हरिद्वार ऋषिकुल मैदान में बनाए गए पंजीकरण केंद्र में यात्रियों का ऑफलाइन पंजीकरण आज से शुरू कर लिया गया है।

चार धाम यात्रा जाने वाले पहले तीर्थयात्री जिला शहडोल मध्य प्रदेश आए तीर्थयात्रियों के दल द्वारा चार धाम यात्रा के लिए पहला पंजीकरण कराया गया है। चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों का जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने अतिथि देवो भव: की परम्परा से तीर्थयात्रियों का फूल मालाओं एवं टीका चंदन से स्वागत किया तथा सभी यात्रियों की यात्रा की मंगलमय हो इसके लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

पहला पंजीकरण कराने में जनपद शहडोल मध्य प्रदेश से आए तीर्थयात्रियों के 7 सदस्य दल, जिसमें बिसाहू लाल विश्वकर्मा, मुन्नी विश्वकर्मा, प्यारेलाल विश्वकर्मा, रामदीन प्रजापति, दशरथ प्रजापति, शांति प्रजापति, पार्वती प्रजापति ने चारधाम यात्रा के लिए पहले पंजीकरण कराया। चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों में खासा उत्साह दिखाई दिया तथा सभी यात्रियों ने चार धाम यात्रा के लिए ऋषिकुल मैदान में पंजीकरण के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। मध्यप्रदेश से आए तीर्थयात्री बिसाहू लाल विश्वकर्मा ने कहा



कि पंजीकरण केंद्र में सभी व्यवस्थाएं ठीक प्रकार से की गई है तथा जिला प्रशासन द्वारा उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया है, जिसपर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। यात्री मुन्नी विश्वकर्मा ने ऋषिकुल मैदान में ऑफलाइन पंजीकरण हेतु की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधा के लिए राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान, उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेंद्र कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत, जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी एवं विभिन्न राज्य से आए तीर्थ यात्री मौजूद रहे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*